किसान गोष्ठी

नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजना किसानों की आय में वृद्धि हेतु बकरी उत्पादकता में सुधार के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अंतर्गत आज केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम फरह मथुरा में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया इसमें आगरा जिले के अछनेरा ब्लॉक के मंगूरा, कठवारी एवं जनुथा गावों से आए 35 किसानों को बकरी के पोषण, मानसून में बकरी स्वास्थ प्रबंधन, बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान का महत्व एवं बकरियों का सफल विपणन पर जानकारी प्रदान की गई। संस्थान के निदेशक डॉ डी के शर्मा ने किसानों को केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित तकनीकियो के प्रयोग पर बल दिया। बकरी पालकों को पेलेट फीड, वर्मी कंपोस्ट पर प्रदर्शन दिखाए गए। गाजर घास उन्मूलन अभियान के अंतर्गत बकरी पालकों को इस घास से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज के बारे में भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक द्वारा परियोजना के लाभार्थियो को बकरी ओषधि किट, मिनरल मिक्सचर, बकरी दाना, सहजन का पौधा एवं तकनीकी साहित्य वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ डी के शर्मा, परियोजना समन्वयक डा ऐ के दीक्षित, डा रविन्द्र कुमार, डा गोपाल दास, डा रवि रंजन, डा नितिका शर्मा, डा अरविंद कुमार, डा मो. आरिफ एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थिति रहे।

नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजना
किसान गोष्ठी

किसान गोष्ठी

नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजना
किसान गोष्ठी

गाजरघास जागरूकता सप्ताह
(Parthenium Awareness Week)